श्याम मेरा दौड़ा आएगा | by Rony Sen

देख के मेरी हालत तुझको तरस तो आएगा
अपने भगत की लाज बचाने दौड़ा आएगा
श्याम मेरा दौड़ा आएगा वो लीले चढ़ कर आएगा

इस दुनिया में तेरे सिवा मेरा कोई नहीं है प्यारे
नैया मेरी डूब रही है आकर देदो सहारे
तेरे सिवा ना कोई भव से पार लगाएगा
अपने भगत की लाज बचाने दौड़ा आएगा
श्याम मेरा दौड़ा आएगा वो लीले चढ़ कर आएगा

रो रो कर मैं बाबा तुझको अपना हाल सुनाऊँ
हारे का तू एक सहारा मन को यही समझाऊं
हारे हुए को श्याम धणी तू पल में जिताएगा
अपने भगत की लाज बचाने दौड़ा आएगा
श्याम मेरा दौड़ा आएगा वो लीले चढ़ कर आएगा

अपना सारा जीवन तेरे दर पे बिता दूँ बाबा
अपना हर एक सांस तुम्हारे नाम लिखा दूँ बाबा
रोनी सेन से श्याम धणी तो प्रीत निभाएगा
अपने भगत की लाज बचाने दौड़ा आएगा
श्याम मेरा दौड़ा आएगा वो लीले चढ़ कर आएगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%8c%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-by-rony-sen/